**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में चार–दिवसीय स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की 25वीं एथलेटिक प्रतियोगिता प्रारम्भ

पंतनगर। 10 मई 2023। विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 25वी एथलेटिक प्रतियोगिता स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रारम्भ हुई। यह प्रतियोगिता पन्तगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव, डा. दीपा विनय ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहरा कर मशाल प्रज्जवलन के साथ एथलेटिक मीट प्रारम्भ करने की घोषणा की। एथलेटिक प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डा. एस.पी. सिंह, प्राध्यापक, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग एवं डा. संजीव मलिक को एथलेटिक मीट के दौरान विदाई दी गयी और श्री मनोज पंत एवं श्री आर.एन. मौर्या को, जोकि श्रीलंका में स्पोर्ट्स में विजय प्राप्त कर आये थे, उनको भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, निदेशकगण, संकाय सदस्य, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं परिसरवासी उपस्थित थे। आज पुरूष एवं महिला प्रतिभागियों द्वारा रस्सा कस्सी तथा 100 मी. दौड प्रतियोगिता में भाग लिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया और उनके भागीदारी के लिए सराहना व्यक्त की गयी।

इस चार–दिवसीय एथलेटिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा 3 कि.मी. पैदल चाल, जैवलिंग थ्रो, 800 मी. दौड़, शाटपुट, लम्बी कूद एवं 400 मी. दौड़; तीसरे दिन 1500 मी. दौड़, 200 मी. दौड़, डिस्कस थ्रो, ट्रिपिल जम्प एवं हैमर थ्रो (पुरूष) तथा चौथे दिन 5000 मी. दौड़, 4ग100 मी. रिले दौड़ एवं फाइनल रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि द्वारा 13 मई 2023 को पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न किया जायेगा।



*एथलेटिक प्रतियोगिता का ध्वजारोहण करती कुलसचिव डा. दीपा विनय।*

